भारत इलेक्ट्रॉनिक्स
BHARAT ELECTRONICS
भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)
पंजीकृत कार्यालय :
आउटर रिंग रोड, नागवारा, बेंगलूर - 560 045, भारत
**Bharat Electronics Limited**
(Govt. of India Enterprise, Ministry of Defence)
Registered Office : Outer Ring Road,
Nagavara, Bangalore - 560 045, INDIA.
CIN : L32309KA1954GOI000787
टेलीफैक्स/Telefax : +91 (80) 25039266
ई-मेल/E-mail : secretary@bel.co.in
वेब/Web : www.bel-india.in

प्रतिष्ठा में/ To,
नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड
National Stock Exchange of India Ltd.
एक्सचेंज प्लाज़ा, प्लॉट नं. सी/1, जी ब्लॉक
Exchange Plaza, Plot No. C/1, G Block,
बांद्रा-कुर्ला कॉमप्लेक्स, बांद्रा (पूर्व)
Bandra-Kurla Complex, Bandra (E)
मुंबई / Mumbai – 400 051

**सं. No. 17565/6/SE/NSEC/SEC**
**दिनांक / Date: 01.06.2023**

महोदय / महोदया,
Dear Sir/Madam,

**विषय: निदेशक (मानव संसाधन) की नियुक्ति की सूचना - सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 का विनियम 30 (2)।**
**Sub: Intimation of Appointment of Director (Human Resources): Regulation 30(2) of SEBI (LODR) Regulations, 2015.**

सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 30 (2) के अनुसार, सूचित किया जाता है कि रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने अपने रक्षा मंत्रालय/डीडीपी के पत्र सं. डीडीपी-ई0032/3/2020-डी (बीईएल) दिनांक 31 मई, 2023 के माध्यम से श्री नागराजन विक्रमन (डीआईएन-10185349) को बीईएल के मंडल में निदेशक (मानव संसाधन) के रूप में नियुक्त किया है। इस संबंध में, निदेशक मंडल ने परिपत्र संकल्प दिनांक 1 जून 2023 के माध्यम से श्री नागराजन विक्रमन को 1 जून 2023 से अपर निदेशक के रूप में नियुक्त किया है।
Pursuant to Regulation 30(2) of SEBI (LODR) Regulations, 2015, we wish to inform that Ministry of Defence, Government of India vide its MoD/DDP letter No. DDP-E0032/3/2020-D(BEL) dated 31st May, 2023 appointed Shri Nagarajan Vikraman (DIN:10185349) as Director (Human Resources) on the Board of BEL. In this regard, the Board of Directors vide circular resolution dated 1st June 2023 appointed Shri Nagarajan Vikraman as Additional Director w.e.f 1st June 2023.

श्री नागराजन विक्रमन, निदेशक (मानव संसाधन) का कंपनी के किसी भी अन्य निदेशक के साथ कोई संबंध नहीं है।
Shri Nagarajan Vikraman, Director (Human Resources) does not have relationship with any other directors of the Company.

श्री नागराजन विक्रमन का संक्षिप्त विवरण अनुलग्नक-I के रूप में संलग्न है।
Brief profile of Shri Nagarajan Vikraman is enclosed as Annexure-1.

सूचना व अभिलेख हेतु।
This is for your information and record.

सधन्यवाद / Thanking you,

भवदीय/ Yours faithfully,

**कृते भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड/**
**For Bharat Electronics Limited**

SREENIVAS SRIPADA
Digitally signed by SREENIVAS SRIPADA
DN: c=IN, o=BHARAT ELECTRONICS LIMITED, 2.5.4.20=2785c3f8889288c5c03452d0f6bfbd07ecfa7416298e4d510fd5354c33bb0aa8, ou=SECRETARIAT,CID - 6840256, postalCode=560045, st=Karnataka, serialNumber=8da16a32e5cf7b4693c748a3f167cf33b9870c0132bad61e7d1c3490de34d08f, cn=SREENIVAS SRIPADA
Date: 2023.06.01 15:33:54 +05'30'

**एस श्रीनिवास/S Sreenivas**
**कंपनी सचिव/Company Secretary**

संलग्न- यथा उपरोक्त / Encls: As stated above.



<u>श्री विक्रमन एन, निदेशक (मानव संसाधन) का परिचय</u>

## Profile of Mr. Vikraman N, Director (Human Resources)

श्री विक्रमन एन को दिनांक 01.06.2023 को भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के निदेशक (मानव संसाधन) पद पर नियुक्त किया गया । वे इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार में स्नातक की डिग्री (ऑनर्स) और मानव संसाधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा धारक हैं। वे पीएमआई, अमेरिका से परियोजना प्रबंधन पेशेवर भी हैं। वे निदेशक के रूप में इस पदोन्नति से पहले बीईएल की गाज़ियाबाद यूनिट में कार्यकारी निदेशक (रेडार) के रूप में कार्यरत थे।

Mr Vikraman N was appointed to the post of Director (Human Resources) of Bharat Electronics Limited on 01.06.2023. He holds a degree in Bachelors of Engineering (Honours) in Electronics & Communication and Post Graduate Diploma in Human Resources. He is also a Project Management Professional from PMI, USA. He was serving as Executive Director (Radar) at the Ghaziabad Unit of BEL prior to his elevation as Director.

श्री विक्रमन एन ने फरवरी 1988 में बेंगलूर यूनिट में परिवीक्षाधीन इंजीनियर के रूप में कंपनी में कार्यग्रहण किया। उन्हें रेडार के क्षेत्र में 35 वर्षों का व्यापक अनुभव है और उन्होंने परीक्षण, विपणन और मानव संसाधन जैसे विविध कार्यों में समृद्ध अनुभव प्राप्त किया है। उन्हें जून 2017 में महाप्रबंधक (एचआर/सीओ) के पद पर पदोन्नत किया गया था।

MrVikraman N joined the Company in February 1988 as a Probationary Engineer in Bangalore Unit. He has a vast experience of 35 years in the field of Radars and has gained rich experience in the diverse functions such as Testing, Marketing and Human Resources. He was elevated as General Manager (HR/CO) in June 2017.

निदेशक (मानव संसाधन) के रूप में इस पदोन्नति से पहले, वे ईडी (रेडार) और यूनिट प्रमुख/गाज़ियाबाद के रूप में काम कर रहे थे। वे यूनिट के प्रशासनिक प्रमुख और रेडार कारोबार प्रमुख थे।

Prior to his elevation as Director (Human Resources), he was working as ED(Radar) & Unit Head/GAD. He was administrative head of the Unit and Radar business head.

महाप्रबंधक (मानव संसाधन-कार्पोरेट कार्यालय) के रूप में, उन्होंने जनशक्ति योजना, कार्य-निष्पादन प्रबंधन, प्रशिक्षण और विकास, क्षमता विकास, कौशल विकास आदि जैसे क्षेत्रों में नई प्रणालियों और प्रक्रियाओं की स्थापना की। कार्य-निष्पादन मानकों के मानदंड स्थापित करने और करियर प्रगति के लिए अधिक न्यायसंगत तरीका प्रदान करने के लिए विभिन्न क्षमताओं के लिए एक व्यापक रूपरेखा शुरू करने का श्रेय उन्हें जाता है। उनके नेतृत्व में, बीईएल को जन क्षमता परिपक्वता मॉडल (स्तर 3) का प्रमाणीकरण प्राप्त हुआ। उन्होंने संगठन में मानव संसाधन कार्य को एक रणनीतिक बढ़त प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

As General Manager (Human Resources – Corporate office), he established new systems and procedures in areas such as Manpower planning, Performance Management, Training and Development, Competency development, Skill development, etc. He was responsible for introducing a comprehensive framework for various competencies for benchmarking the performance standards and for providing a more equitable method for career progression. Under his leadership, BEL received the certification for People Capability Maturity Model (Level 3). He played a pivotal role in providing a strategic edge to the Human Resources function in the organisation.

एजीएम (मिसाइल सिस्टम/बेंगलूर) और उत्पादन प्रमुख के रूप में, वे परीक्षण, विपणन और ग्राहक सहायता कार्य के लिए जिम्मेदार थे। लगातार 4 वर्षों तक उन्होंने 1000 करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री हासिल की।

As AGM (Missile systems /BG) & Head of Production, he was responsible for Testing, Marketing and Customer support. Achieved more than Rs.1000 Crore sales for 4 consecutive years.